प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाएं तय की है। पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी और सांसद वीडी राम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन चार मई को पलामू में होने जा रहा है। इसके साथ ही खूंटी के सीमावर्ती इलाकों और लोहरदगा में भी प्रधानमंत्री की सभा होगी। खूंटी के तमाड़ में गृह मंत्री अमित शाह की सभा होगी जबकि उत्तर प्रदेश से सटे इलाकों में योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम तय किए गए हैं।

****

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आगमन खूंटी के बसिया में मई माह के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है। खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी काली चरण मुंडा और लोहरदगा सीट से सुखदेव भगत के पक्ष में प्रचार करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटी इसकी तैयारी कर रही है।

****

रांची नगर निगम ने सूचना जारी कर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लिए होल्डिंग टैक्स ऑनलाइन भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। इसमें 30 जून तक पूरे वर्ष का टैक्स भुगतान करने पर 10 फीसदी की छूट दी जायेगी। इसके अलावा रांची नगर निगम के जनसुविधा केन्द्र एवं डोरण्डा अंचल जनसुविधा केन्द्र में भी भुगतान किया जा सकता है। पूरे वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 30 जून तक भुगतान किये जाने पर सात दशमलव पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। दिव्यांग, सशस्त्र बल, ट्रांसजेंडर और वरिष्ठ नागरिक को उक्त के अतिरिक्त पांच फीसदी की छूट प्रदान की जाती है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन कल गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने आज बताया कि कल्पना सोरेन के नामांकन में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन समेत महागठबंधन के कई नेता कल गिरिडीह में मौजूद रहेंगे।

****

लोहरदगा जिले में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। ।

****

पाकुड़ स्थित मंडल कारा में बीती देर रात अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की। अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी के दौरान सभी वार्डो की तलाशी ली गयी। हालाँकि इस दौरान कुछ भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ।

****

मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जून महीने में किया जाएगा। इस परीक्षा में देवघर जिले से 21 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए देवघर के विभिन्न प्रखंडों में 59 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। राज्य भर में इस परीक्षा का आयोजन झारखंड अधिविद्य परिषद, जैक कराएगा।

****

चीन में शंघाई में तीरंदाजी विश्व कप में रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा में भारत ने स्वर्ण जीत लिया है। भारतीय तीरंदाज़ों–– धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की तिकड़ी ने दक्षिण कोरिया के मौजूदा ओलिंपिक चैंपियनों को हराकर यह खिताब जीता। यह पहला मौक़ा है जब तीरंदाज़ी के विश्व कप फाइनल में, भारत ने धुरंधर तीरंदाजो को पीछे छोड़कर जीत दर्ज की है। इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के शामिल होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। पूर्व विश्व नंबर–1 तीरंदाज दीपिका कुमारी को महिला रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में एक और पदक की तलाश है। इससे पहले, मौजूदा एशियाई चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कल महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता। प्रियांश ने पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में पहला विश्व कप रजत जीता।

******समाप्त******